The Speaker congratulated Ms. Manu Bhaker and Shri Sarabjot Singh on winning Bronze Medal in Air Pistol Mixed Team event in Paris Olympics, 2024

माननीय अध्यक्ष **:** माननीय सदस्यगण, दिनांक 30 जुलाई, 2024 को सुश्री मनु भाकर और श्री सरबजोत सिंह ने पेरिस ओलंपिक 2024 में 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीता है । यह ओलंपिक खेलों में भारत का दूसरा कांस्य पदक है । इसके साथ ही सुश्री भाकर एक ओलंपिक खेल में दो पदक जीतने वाली स्वतंत्र भारत की पहली भारतीय खिलाड़ी बन गई हैं । हमारे खिलाड़ियों की उत्कृष्ट उपलब्धि राष्ट्रीय गौरव का विषय है, जिससे देश के सभी युवाओं और विशेष रूप से खिलाड़ियों को प्रेरणा मिलेगी ।

यह सभा सुश्री मनु भाकर जी और श्री सरबजोत सिंह जी को हार्दिक बधाई देती है ।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष **:** मैंने आपको प्रश्न काल में अलाऊ नहीं किया है । आप लिखकर दीजिए ।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष **:** आपको अलाऊ नहीं किया है । क्या आप डायरेक्शन देंगे?

? (व्यवधान)

The Lok Sabha re-assembled at Twelve of the Clock.

(Shri Dilip Saikia *in the Chair*)